हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शनिवार 20 जून 2026

13 16 गांवों में किसानों को सिखाए प्राकृतिक...



13 कल आईटीआई मैदान में होने वाले योग



# ग्रुप-डी भर्ती का बड़ा अवसर: सीईटी-2026 के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू

■ 19 जून से ऑनलाइन आवेदन, 3 जुलाई तक भर सकेंगे फॉर्म, लाखों युवाओं को रोजगार की नई उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हरियाणा के युवाओं के लिए सरकारी नौकरी पाने का सुनहरा अवसर सामने आया है। हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग ने ग्रुप-डी पदों के लिए कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट-2026 का विज्ञापन जारी कर दिया है।

आयोग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 19 जून 2026 से शुरू होगी और अभ्यर्थी 3 जुलाई 2026 रात्रि 11:59 बजे तक आवेदन कर सकेंगे। आवेदन शुल्क जमा कराने की अंतिम तिथि 6 जुलाई निर्धारित की गई है जबकि आवेदन पत्र में त्रुटि सुधार के लिए 7 से 9 जुलाई तक का समय दिया गया है। आयोग के अनुसार ग्रुप-डी के पदों का विस्तृत विवरण अलग से जारी किया जाएगा। हालांकि पात्रता के लिए अभ्यर्थी का मान्यता प्राप्त बोर्ड से मैट्रिक पास होना तथा हिंदी या संस्कृत विषय का ज्ञान होना अनिवार्य रखा गया है।

## 100 अंकों की होगी परीक्षा, गलत उत्तर पर नहीं कटेंगे अंक

परीक्षा में कुल 100 बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाएंगे और परीक्षा 100 अंकों की होगी। अभ्यर्थियों को प्रश्नपत्र हल करने के लिए 1 घंटा 45 मिनट का समय मिलेगा। सामान्य वर्ग के उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम 50 प्रतिशत तथा आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 40 प्रतिशत अंक प्राप्त करना आवश्यक होगा। परीक्षा ऑफलाइन होगी तथा प्रश्नपत्र हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में उपलब्ध रहेगा। विशेष बात यह है कि गलत उत्तर देने पर कोई नकारात्मक अंकन नहीं होगा। हालांकि यदि कोई अभ्यर्थी किसी प्रश्न को छोड़ना चाहता है तो उसे ओएमआर शीट में निर्धारित पांचवें विकल्प को भरना होगा। ऐसा नहीं करने पर उस प्रश्न के लिए एक अंक की कटौती की जाएगी।

## 18 से 42 वर्ष आयु वर्ग के युवा कर सकेंगे आवेदन

आयोग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार आवेदन की अंतिम तिथि तक अभ्यर्थी की आयु कम से कम 18 वर्ष और अधिकतम 42 वर्ष होनी चाहिए। विभिन्न आरक्षित वर्गों एवं पात्र उम्मीदवारों को हरियाणा सरकार के नियमानुसार आयु में छूट प्रदान की जाएगी।

## पूर्व सीईटी अभ्यर्थियों को मिलेगा लाभ

जो उम्मीदवार पहले सीईटी-2022 या सीईटी-2025 के लिए पंजीकरण कर चुके है उन्हें उसी पंजीकरण संख्या का उपयोग करना होगा। नए अभ्यर्थियों को नया रजिस्ट्रेशन नंबर प्रदान किया जाएगा। जो भविष्य में उनकी पहचान के रूप में कार्य करेगा।

## समय रहते करें आवेदन दस्तावेज रखें तैयार

आयोग ने अभ्यर्थियों को सलाह दी है कि वे अंतिम तिथि का इंतजार न करें और समय रहते ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया पूरी करें। आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से स्वीकार किए जाएंगे। मैट्रिक प्रमाणपत्र, नवीनतम रंगीन फोटो, हस्ताक्षर तथा श्रेणी अनुसार आवश्यक प्रमाणपत्र अपलोड करना अनिवार्य होगा। आवेदन के बाद किसी प्रकार का संशोधन स्वीकार नहीं किया जाएगा। इसलिए उम्मीदवारों को सभी जानकारी सावधानीपूर्वक भरने की सलाह दी गई है।

## युवाओं में उत्साह

हरियाणा में ग्रुप-डी भर्ती के लिए सीईटी परीक्षा को लेकर युवाओं में उत्साह का माहौल है। लंबे समय से सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को इस परीक्षा का इंतजार था। आयोग की ओर से जारी कार्यक्रम के बाद अब लाखों युवा अपनी तैयारी को अंतिम रूप देने में जुट गए हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि सीईटी के माध्यम से भर्ती प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और व्यवस्थित होगी। जिससे योग्य उम्मीदवारों को समान अवसर प्राप्त होंगे। सरकारी सेवा का सपना देख रहे युवाओं के लिए यह परीक्षा भविष्य की नई राह खोलने वाली साबित हो सकती है।

# समय रहते पता चलेगी बीमारी मुफ्त होगी पशुओं की जांच

डीडीए कार्यालय में स्थित पशुपालकों के लिए बेहद उपयोगी साबित हो रही लैब

## पशु रोग निदान प्रयोगशाला का आस-पास के दर्जनों गांवों के पशुपालक उठा रहे लाभ

■ एंटीबायोटिक सेंसिटिविटी टेस्ट से पता चलता है किस दवा से होगा पशु का सटीक इलाज

राजकुमार ▶▶| नारनौल

पशुओं के ईलाज पर बढ़ते खर्च के बीच जिले के पशुपालकों के लिए एक राहतभरी खबर है। पुरान कचहरी के समीप स्थित पशु अस्पताल परिसर में संचालित पशु रोग निदान प्रयोगशाला में पशुओं के दूध, गोबर, पेशाब और खून की जांच पूरी तरह निःशुल्क की जा रही है। निजी प्रयोगशालाओं में जहां इन जांचों के लिए 50 से 500 रुपये तक खर्च करना पड़ता है, वहीं सरकारी प्रयोगशाला में यह सुविधा बिना किसी शुल्क के उपलब्ध है, जबकि रेवाड़ी रोड स्थित डीडीए कार्यालय में लुवास यूनिवर्सिटी ने एक लैब स्थापित की हुई है, इस लैब समेत जिलेभर की प्राइवेट लैब में इन जांचों का शुल्क लिया जाता है। ज्ञात हो कि पुरानी कचहरी के पास स्थित पशु अस्पताल में संचालित यह प्रयोगशाला पशुपालन विभाग के उपनिदेशक (डीडीए) डॉ. नसीब सिंह के मार्गदर्शन में कार्य कर रही है। प्रयोगशाला का संचालन पशु चिकित्सक डॉ. सुभाष चंद की देखरेख में किया जा रहा है। यहां चार कर्मचारियों की टीम विभिन्न नमूनों की जांच कर पशुपालकों को समय पर रिपोर्ट उपलब्ध कराती है। पशुओं में होने वाले अनेक रोगों का पता केवल चिकित्सकीय जांच के माध्यम से ही लगाया जा सकता है। ऐसे में यह प्रयोगशाला पशुपालकों के लिए बेहद उपयोगी साबित हो रही है। जांच रिपोर्ट के आधार पर चिकित्सक बीमारी की सही पहचान कर उचित उपचार शुरू करते हैं, जिससे पशु जल्दी स्वस्थ होता है और पशुपालकों का आर्थिक नुकसान भी कम होता है।



नारनौल। पशु रोग निदान प्रयोगशाला में जांच करते चिकित्सक। फोटो : हरिभूमि

### यह कहते हैं चिकित्साधिकारी

*सरकार ने पशुपालकों की सुविधा के लिए जिला स्तरीय पशु रोग निदान प्रयोगशाला स्थापित की है। कोई भी पशुपालक यहां अपने पशु के नमूनों की निःशुल्क जांच करवा सकता है। जांच के आधार पर रोग की सही पहचान और प्रभावी उपचार संभव होता है।*

*- डॉ. सुभाष चंद, प्रभारी, पशु रोग निदान प्रयोगशाला, नारनौल।*

### यहां होती हैं निःशुल्क जांच

- दूध की जांच
- गोबर की जांच
- पेशाब की जांच
- खून की जांच
- एएसटी (एंटीबायोटिक सेंसिटिविटी टेस्ट)
- थनैला सहित विभिन्न रोगों की पहचान

**पशुपालकों को क्या होगा फायदा**

- निजी लैब का खर्च बचेगा
- बीमारी की सही पहचान होगी
- सही दवा का चयन संभव होगा
- पशुओं की रिकवरी तेज होगी
- दूध उत्पादन में होने वाले नुकसान को रोका जा सकेगा

### हाथोंहाथ मिलती है दूध जांच रिपोर्ट

प्रयोगशाला में दूध की जांच रिपोर्ट तुरंत उपलब्ध करा दी जाती है। वहीं गोबर और पेशाब के नमूनों की रिपोर्ट तैयार होने में करीब एक घंटे का समय लगता है। इससे पशुपालकों को लंबे समय तक इंतजार नहीं करना पड़ता और उपचार प्रक्रिया शीघ्र शुरू हो जाती है। विशेषज्ञों के अनुसार समय पर जांच होने से पशुओं में फैलने वाले कई गंभीर रोगों पर शुरुआती स्तर पर ही नियंत्रण पाया जा सकता है। इससे दूध उत्पादन प्रभावित होने से बचता है और पशुओं की कार्यक्षमता भी बनी रहती है।

### हर महीने पहुंचते हैं 800 से 1200 केस

जिलेभर से हर महीने करीब 800 से 1200 नमूने जांच के लिए इस प्रयोगशाला में पहुंचते हैं। लगातार बढ़ती संख्या यह दर्शाती है कि पशुपालक इस सुविधा का लाभ उठा रहे हैं। विभाग का प्रयास है कि अधिक से अधिक पशुपालकों तक इस सेवा की जानकारी पहुंचे ताकि वे मुफ्त जांच सुविधा का लाभ उठा सकें।

### एएसटी जांच से मिलता है सही दवा का चयन

प्रयोगशाला में एएसटी (एंटीबायोटिक सेंसिटिविटी टेस्ट) की सुविधा भी निःशुल्क उपलब्ध है। इस जांच के माध्यम से यह पता लगाया जाता है कि किसी विशेष रोग में कौन सी एंटीबायोटिक दवा सबसे अधिक प्रभावी रहेगी। थनैला (मास्टाइटिस) जैसे रोगों में यह जांच बेहद लाभदायक मानी जाती है। इस जांच की रिपोर्ट 72 घंटे बाद उपलब्ध कराई जाती है। रिपोर्ट के आधार पर चिकित्सक सबसे प्रभावी दवा का चयन करते हैं, जिससे अनावश्यक दवाओं के प्रयोग से बचाव होता है और पशु को जल्दी राहत मिलती है।



नारनौल। फैक्ट्री पर छापेमारी करती सीएम फ्लाइंग की टीम। फोटो : हरिभूमि

# प्लास्टिक दाना बनाने वाली फैक्ट्री पर सीएम फ्लाइंग ने मारा छापा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

मुख्यमंत्री उड़नदस्ता रेवाड़ी, प्रदूषण नियंत्रण विभाग, नगर परिषद और गुप्तचर विभाग की संयुक्त टीम ने टहला रोड स्थित एक प्लास्टिक दाना बनाने वाली फैक्ट्री पर औचक निरीक्षण किया। अचानक हुई इस कार्रवाई से आसपास संचालित अन्य फैक्ट्रियों में भी हड़कंप मच गया। कार्रवाई ड्यूटी मजिस्ट्रेट एवं जन स्वास्थ्य विभाग के एसडीओ महेश सिंह की मौजूदगी में की गई। निरीक्षण के दौरान फैक्ट्री में नारनौल वासी रामकिशन मौजूद मिला। मौके पर तीन से चार मजदूर कार्य करते पाए गए। संयुक्त टीम ने फैक्ट्री संचालन से संबंधित लाइसेंस, स्वीकृतियां एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों की मांग की, लेकिन संचालक कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। नियमों के उल्लंघन को गंभीरता से लेते हुए नगर परिषद के जेई प्रवीण कुमार ने 25 हजार रुपये का चालान किया। फैक्ट्री संचालक ने 25 हजार रुपये की राशि मौके पर ही जमा करा दी। अधिकारियों ने संचालक को भविष्य में सभी आवश्यक अनुमति एवं दस्तावेज पूर्ण रखने के निर्देश भी दिए।

### प्रदूषण नियंत्रण विभाग ने जारी किया नोटिस

निरीक्षण के दौरान प्रदूषण नियंत्रण विभाग की टीम ने भी फैक्ट्री के संचालन संबंधी पहलुओं की जांच की। प्रारंभिक जांच में कई कमियां मिलने पर विभाग की ओर से संचालक को नोटिस जारी किया गया। अधिकारियों ने बताया कि नोटिस का जवाब प्राप्त होने और जांच रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### अन्य फैक्ट्री संचालकों में मची खलबली

संयुक्त टीम की छापामार कार्रवाई की सूचना मिलते ही आसपास स्थित अन्य फैक्ट्री संचालकों में भी खलबली मच गई। कई संचालक अपने दस्तावेजों की जांच-पड़ताल करते नजर आए। अधिकारियों ने संकेत दिए कि औद्योगिक इकाइयों में नियमों की पालना सुनिश्चित कराने के लिए आगे भी ऐसे निरीक्षण जारी रहेंगे।

# अटेली कस्बे में नाला निर्माण पर विवाद, भेदभाव का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

अटेली कस्बे में नए बस स्टैंड से उनिंदा मल संशोधन केंद्र तक चल रहे नाला निर्माण कार्य को लेकर विवाद सामने आया है। इस परियोजना को लेकर स्थानीय निवासियों में असंतोष बढ़ता जा रहा है और लोगों ने प्रशासन पर विकास कार्यों में दोहरा मापदंड अपनाने के आरोप लगाए हैं। मामले को लेकर कस्बे में चर्चाओं का दौर जारी है और कुछ लोग आपस में चर्चा कर अपनी नाराजगी जता रहे हैं। निवासियों का कहना है कि नाला निर्माण के दौरान आम नागरिकों के चबूतरे और छोटे-छोटे निर्माण जल्दबाजी में हटा दिए गए। इसके विपरीत प्रभावशाली और रसूखदार लोगों के अतिक्रमण को पूरी तरह नजरअंदाज किया गया है। लोगों का आरोप है कि प्रशासन की यह कार्यशैली न केवल भेदभावपूर्ण है बल्कि इससे आम जनता के अधिकारों का भी हनन हो रहा है। स्थानीय दुकानदारों ने भी इस मुद्दे पर नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि अगर विकास कार्य हो रहा है तो वह सभी के लिए समान रूप से होना चाहिए। कुछ लोगों का यह कहना है कि नाले की दिशा में जानबूझकर बदलाव किया जा रहा है, ताकि कुछ खास लोगों को लाभ पहुंचाया जा सके।



मंडी अटेली। अटेली में खोदा गया नाला।

# निर्माणाधीन बिजली लाइन से 8.5 लाख का कंडक्टर चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

■ 765 केवी ट्रांसमिशन परियोजना को नुकसान, इंसुलेटर व हार्डवेयर भी तोड़े

■ कुलताजपुर के पास वारदात, पुलिस ने दर्ज किया मामला

जिले में निर्माणाधीन 765 केवी डीसी ट्रांसमिशन लाइन परियोजना से लाखों रुपये का कंडक्टर चोरी होने का मामला सामने आया है। चोर करीब दो हजार मीटर एएल-59 जैबरा कंडक्टर की पांच तारें चोरी कर ले गए। इतना ही नहीं, आरोपितों ने बिजली लाइन के इंसुलेटर और अन्य हार्डवेयर फिटिंग को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना में कंपनी को करीब साढ़े आठ लाख रुपये का नुकसान होने का अनुमान है। पुलिस को दी शिकायत में लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड (एलएंडटी) में कार्यरत महेंद्र सिंह निवासी गांव बापड़ौली ने बताया कि उनकी कंपनी 765 केवी डीसी ट्रांसमिशन लाइन परियोजना पर कार्य कर रही है। परियोजना का कार्य गांव कुलताजपुर के पास चल रहा है और संबंधित बिजली लाइन का निर्माण कार्य पूरा हो चुका था। शिकायत के अनुसार अज्ञात चोर रात के समय बिजली लाइन से करीब दो हजार मीटर एएल-59 जैबरा कंडक्टर की पांच तारें चोरी कर ले गए। चोरी के दौरान आरोपियों ने लाइन में लगे इंसुलेटर और अन्य हार्डवेयर फिटिंग को भी नुकसान पहुंचाया, जिससे कंपनी को भारी आर्थिक क्षति हुई है।



नारनौल। बिजली लाइन, जहां से कंडक्टर चोरी हुआ। फोटो : हरिभूमि

### साइट इंचार्ज ने दी चोरी की सूचना

घटना का पता अगले दिन सुबह उस समय चला जब साइट इंचार्ज ने कंपनी अधिकारियों को फोन कर चोरी की जानकारी दी। इसके बाद अधिकारी मौके पर पहुंचे और निरीक्षण किया। जांच में कंडक्टर गायब मिला तथा कई उपकरण क्षतिग्रस्त पाए गए। पुलिस जुटी जांच में कंपनी की शिकायत पर सदर थाना नारनौल पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 303(2) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एएसआई रामकुमार ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाने शुरू कर दिए हैं।

## कनीना के नवनिर्मित लघु सचिवालय में एसडीजेएम कोर्ट शुरू

# नहीं काटने होंगे चक्कर, अब एक छत के नीचे मिलेंगी न्यायिक सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

क्षेत्र के लोगों व बार एसोसिएशन के लिए शुक्रवार का दिन एक ऐतिहासिक और सुखद अवसर लेकर आया। नवनिर्मित लघु सचिवालय भवन में शुक्रवार को हवन यज्ञ के साथ सब डिविजनल ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट कोर्ट विधिवत रूप से संचालित हो गया है। लंबे समय से चल रही प्रतीक्षा के बाद नए भवन में अदालत के शुरू होने से स्थानीय अधिवक्ताओं व आम जनता ने गहरी खुशी जताई है। मंत्रोच्चारण एवं विधि-विधान के साथ आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान में एसडीजेएम डॉ. प्रियंका जैन सहित बार एसोसिएशन के प्रधान मंजीत सिंह एवं अधिवक्ताओं ने हिस्सा लिया। हवन के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया और इसके पश्चात अदालती कार्यवाही सुचारू रूप से शुरू कर दी गई। एसडीजेएम कोर्ट के इस नए और सुसज्जित भवन में स्थानांतरित होने से अधिवक्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। वकीलों का कहना है कि नवनिर्मित लघु सचिवालय में पर्याप्त जगह, मुवक्किलों के बैठने की उचित व्यवस्था और आधुनिक सुविधाओं के कारण अब कानूनी कामकाज बेहद सुगमता और व्यवस्थित ढंग से पूरे किए जा सकेंगे। पहले जगह की कमी और बुनियादी सुविधाओं के अभाव में वकीलों के साथ-साथ दूर-दराज के गांवों से आने वाले लोगों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। अब लघु सचिवालय भूतल परिसर में अदालत के सुचारू संचालन से लोगों को एक ही छत के नीचे सुलभ न्यायिक सुविधाएं मिल सकेंगी। आमजन का मानना है कि कोर्ट के इस नए स्वरूप से न केवल न्याय प्रक्रिया में तेजी आएगी, बल्कि मुवक्किलों के समय और धन दोनों की बचत होगी। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन के इस कदम की सराहना करते हुए इसे कनीना के विकास और न्याय प्रणाली के सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया है। इस मौके पर प्रवाचक योगेश बालवान, नाजिर दिनेश कुमार, एसजी नवीन कुमार, अहलमद धीरज कुमार, विकास कुमार, रविंद्र शर्मा, मोहर सिंह, कुलदीप सिंह आदि रहे मौजूद।



कनीना। हवन में हिस्सा लेती एसडीजेएम डॉ. प्रियंका जैन व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### पहले दिन की अदालती कार्यवाही रही महिलाओं के नाम

शुक्रवार को ज्यों ही कोर्ट की कार्रवाई शुरू हुई त्यों ही सिटी थाना पुलिस की महिला आईओ अनिता की ओर से चोरी के आरोप में यूपी से गिरफ्तार की गई महिला मुन्नी निवासी तिलवाड़ा उत्तर प्रदेश को पेश किया। जिसे महिला दंडाधिकारी ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस पूछताछ में गिरफ्तार महिला के कब्जे से दो मोबाइल फोन व तीन हजार रुपये बरामद हुए थे। जिन्हें आरोपित महिला द्वारा चोरी किया गया था।

# बस स्टैंड की इंक्वारी में टेलीफोन सेवा शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

■ शिकायत व सुझाव पेटी भी स्थापित





महेन्द्रगढ़। बस स्टैंड पर स्थापित की गई सुझाव पेटी।

बस स्टैंड पर आने-जाने वाले यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन द्वारा कई नई सुविधाएं शुरू की गई हैं। विभाग की ओर से पूछताछ केंद्र का आधिकारिक नंबर 01285-222100 जारी किया गया है। अब कोई भी नागरिक घर बैठे या यात्रा के दौरान इस नंबर पर कॉल करके बसों के आगमन, प्रस्थान और रूट डायवर्जन से जुड़ी हर छोटी-बड़ी जानकारी तुरंत प्राप्त कर सकेगा। इसके साथ ही यात्रियों की शिकायतों और सुझावों को दर्ज करने के लिए शिकायत एवं सुझाव पेटी भी स्थापित की गई है। बस स्टैंड प्रबंधन के अनुसार लंबे समय से यात्रियों द्वारा पूछताछ केंद्र पर टेलीफोन सुविधा शुरू करने की मांग की जा रही थी। बस स्टैंड के प्रभारी हरिकिशन ने बताया कि यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि बस स्टैंड पर साफ-सफाई, पेयजल, बैठने की व्यवस्था और सुरक्षा संबंधी सुविधाओं को भी लगातार मजबूत किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### ऑटो में जीपीएस सिस्टम लगाने के दिए निर्देश

**नारनौल।** पुलिस अधीक्षक दीपक के दिशा-निर्देशन में डीएसपी डॉ. कविता एवं थाना यातायात प्रबंधक निरीक्षक भगत सिंह ने ऑटो यूनियन के पदाधिकारियों व चालकों के साथ बैठक की। बैठक में यात्रियों, महिलाओं, बच्चों व वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी ऑटो वाहनों में जीपीएस सिस्टम लगाने के निर्देश दिए।

### महज 5 घंटे में नाबालिग को ढूंढकर परिजनों को सौंपा

**नारनौल।** पुलिस ने सूचना मिलने के महज पांच घंटे के भीतर एक गुमशुदा नाबालिग बच्चे को सकुशल तलाश कर उसके परिजनों सौंप दिया। बच्चा करीब आठ बजे अपने परिजनों को बिना बताए पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस ने इसे गंभीरता से लिया और बच्चे की तलाश के लिए चेकिंग अभियान शुरू किया गया। पुलिस टीम के कड़े प्रयासों से सूचना मिलने के मात्र पांच घंटे के भीतर बच्चे को सुरक्षित बरामद किया गया।

### पुलिस ने बरामद किए 4.50 लाख के मोबाइल

**नारनौल।** साइबर सेल टीम ने सफलता हासिल करते हुए आमजन के खोए हुए करीब 4.50 लाख रुपये कीमत के 28 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक दीपक ने पुलिस कार्यालय में इन मोबाइलों को उनके वास्तविक स्वामियों के हवाले कर दिया। अपना खोया हुआ फोन वापस पाकर मोबाइल मालिकों के चेहरों पर खुशी लौट आई है।

### सीआईए की टीम ने दबोचा नशा तस्कर

**नारनौल।** सीआईए ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मुस्तैदी दिखाते हुए सफलता हासिल की है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर मोहल्ला बावड़ीपुर क्षेत्र में त्वरित कार्रवाई करते हुए एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। ड्यूटी मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में तलाशी के दौरान आरोपित के कब्जे से 12 ग्राम अवैध नशीला पदार्थ चिट्टा (हेरॉइन) व एक मोबाइल फोन बरामद किया गया।

### घर में घुसकर हमला युवती को किया घायल


**कनीना।** शहर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव चेलावास में पुरानी रंजिश के चलते घर में घुसकर एक युवती पर लाठी-डंडों से जानलेवा हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत के आधार पर तीन आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। पीड़िता सुमित ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि उनके परिवार व आरोपितों के बीच एक पुराने कुएं की जगह पर पूर्वजों की याद में धार्मिक स्थल बनाने को लेकर नौ मार्च को विवाद हुआ था।

### डीपी कांस्टेबल को बंधक बनाकर पीटा, दो पर केस

**नारनौल।** गांव धौलेड़ा में दिल्ली पुलिस के एक कांस्टेबल को बंधक बनाकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की पत्नी पिंकी देवी की शिकायत पर पुलिस ने गांव के दो नामजद के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायत के अनुसार कांस्टेबल सुनील कुमार बीते दिनों घर से निकले थे और अगले दिन नांगल कालिया क्षेत्र में घायल अवस्था में मिले। होश में आने पर सुनील ने बताया कि वह आरोपितों के साथ गया था, जहां शराब पीने के बाद दोनों ने उसे बंधक बनाकर बेरहमी से पीटा और जान से मारने की धमकी दी। गंभीर रूप से घायल सुनील का उपचार जयपुर के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।



सुनील कुमार।




# अब शादीशुदा और बच्चों का बाप है रैंचो : हिरानी

**मुंबई।** करीब 17 साल बाद '3 इडियट्स'के सीक्वल पर आधिकारिक काम शुरू हो चुका है। खुद राजकुमार हिरानी ने इस प्रोजेक्ट को लेकर खुलकर बात की है। आमिर खान भी कहानी सुन चुके हैं और ओरिजिनल स्टार कास्ट के वापस आने की उम्मीद है। राजकुमार हिरानी ने एक बातचीत में बताया कि वह अपने लंबे समय के राइटिंग पार्टनर अभिजात जोशी के साथ मिलकर सीक्वल की कहानी और स्क्रिप्ट पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अभी इस प्रोजेक्ट पर काफी काम बाकी है। हिरानी के मुताबिक, इस बार कहानी वहीं से आगे बढ़ेगी, जहां से पहली फिल्म खत्म हुई थी, लेकिन करीब 15-20 साल बाद। यानी अब तीनों दोस्त शादीशुदा हैं और उनके बच्चे भी हैं। वे अपनी जिंदगी के मिड-लाइफ क्राइसिस से गुजर रहे हैं। इस बार कहानी कॉलेज में नहीं होगी, क्योंकि अब वक्त और जिंदगी दोनों बदल चुके हैं।

लाइफ Style



# श्रद्धा

## ईथा में फिर छोड़ा अदाकारी का असर

सबसे पसंदीदा एक्ट्रेसेस में से एक श्रद्धा कपूर अपनी आने वाली फिल्म 'ईथा' में अपनी परफॉर्मेंस से फैंस को इंप्रेस करने के लिए तैयार हैं। लक्ष्मण उतेकर के निर्देशन में बन रही यह फिल्म महाराष्ट्र की मशहूर तमाशा और लावणी कलाकार विठाबाई भाऊ मांग नारायणगांवकर की जिंदगी पर आधारित है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

यह फिल्म 1940 से 1990 के दशक तक की कहानी दिखाएगी, जिसमें उनके मशहूर होने का सफर और उनके संघर्ष शामिल होंगे। फिल्म की पहली झलक दिख गई है। इस बायोपिक का पहला टीजर 19 जून को शाहिद कपूर, कृति सेनन और रश्मिका मंदाना की फिल्म 'कॉकटेल 2' के साथ सिनेमाघरों में दिखाया गया। जैसे ही फिल्म का पहला शो शुरू हुआ, दर्शकों को श्रद्धा की एक हैरान करने वाली और नई झलक देखने को मिली। टीजर में वह लावणी डांसर के रोल में शानदार लग रही थीं। 'ईथा' का टीजर मशहूर लावणी कलाकार विठाबाई नारायणगांवकर की जिंदगी के सबसे यादगार पलों में से एक को दिखाता है। श्रद्धा कपूर पहले ही सीन से इस किरदार में पूरी तरह ढल जाती हैं और इस मशहूर कलाकार की मजबूती और हिम्मत को बखूबी दिखाती हैं। टीजर में विठाबाई को बहुत ज्यादा प्रेग्नेंट होने के बावजूद पूरे जोश और लगन के साथ स्टेज पर परफॉर्म करते हुए दिखाया गया है। टीजर में, परफॉर्मेंस के दौरान उन्हें एहसास होता है कि वह बच्चे को जन्म देने वाली हैं। शो को बीच में न छोड़ने का पक्का इरादा करते हुए, वह शांत रहती हैं और बैकस्टेज जाती हैं, जहां वह बच्चे को जन्म देती हैं। हिम्मत की एक अनोखी मिसाल पेश करते हुए, विठाबाई पत्थर से गर्भनाल काटती हैं और अपनी परफॉर्मेंस पूरी करने के लिए वापस स्टेज पर आ जाती हैं।

हॉलीवुड मसाला



# भारत में रिलीज होगी डोरेमोन की यह फिल्म

**लॉस एंजिल्स।** कॉर्टून की दुनिया का सबसे लोकप्रिय किरदार डोरेमोन अब जल्द भारतीय सिनेमाघरों में दस्तक देने वाला है। फिल्म 'डोरेमोन द मूवीः न्यू नोबिता एंड द कैसल ऑफ द अंडरसी डेविल' इस साल देशभर में रिलीज होने जा रही है। गुरुवार को मेकर्स ने फिल्म का पोस्टर जारी कर फैंस के साथ यह जानकारी साझा की। फिल्म का प्रमोशन 20 जून से शुरू होने वाले पॉप कल्चर फेस्टिवल में किया जाएगा। मेकर्स ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा करते हुए बताया कि इस फिल्म को हिंदी, तमिल और तेलुगु भाषाओं में रिलीज किया जाएगा।




# आज के बच्चों को आईना दिखाती है टॉय स्टोरी 5

**मुंबई।** कभी गुड्डे-गुड़ियों की शादी कराते, तो कभी घंटों खिलौनों के साथ एक नई दुनिया बुनते बच्चों के हाथों में जब से फोन और टैबलेट आए हैं, तब से खिलौनों से उनका नाता बहुत कम हो गया है। बाहर निकलकर खेलना, असली दोस्त बनाना कितना अहम है, यह बेहद खूबसूरती से दिखाती है 31 वर्षों से चल रही एनिमेटेड एडवेंचर कॉमेडी टॉय स्टोरी सीरीज की पांचवीं फिल्म टॉय स्टोरी 5। कहानी है बौनी (स्कार्लेट स्पीयर्स) की जो खिलौनों से तो खूब खेलती है, लेकिन दोस्त नहीं बना पाती है। उसके माता-पिता उसके लिए लिलीपैड (ग्रेटा ली) डिवाइस यानी टैबलेट ले आते हैं, जिस पर बौनी के डांस क्लास के दोस्त ऑनलाइन बनते हैं। बौनी अपने खिलौने से दूर हो जाती है।



# एक्टर हेनरी के साथ नजर आईं सारा

**मुंबई।** गुरुवार की शाम हॉलीवुड और बॉलीवुड का शानदार संगम देखने को मिला। जब 'सुपरमैन'फेम एक्टर हेनरी कैविल और बॉलीवुड एक्ट्रेस सारा अली खान की मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुईं। दोनों कलाकार एक लग्जरी वॉच ब्रांड के इवेंट में शामिल हुए। इवेंट में पटौदी खानदान की युवा राजकुमारी सारा अली खान अपने शाही अंदाज में नजर आईं। सारा ने इवेंट से कई तस्वीरें अपने इंस्टाग्राम पर शेयर कीं। सारा ने इस खास इवेंट के लिए मोनोक्रोमैटिक आइवरी आउटफिट चुना। इसके साथ उन्होंने अपनी खूबसूरती और शालीनता का बेहतरीन मेल पेश किया। उनके लुक में एक तरफ जहां विंटेज चार्म था वहीं दूसरी तरफ आधुनिक भव्यता भी नजर आई। उन्होंने रिच टेक्सचर वाले ट्वीड-स्टाइल फैब्रिक से बनी स्ट्रक्चर्ड मिडी-लेंथ शीथ ड्रेस पहनी थी।



# 18 महीने तक नहीं देंगे कोई इंटरव्यू

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह इन दिनों 'डॉन 3' को लेकर चल रहे विवाद के कारण सुर्खियों में हैं। खबरों के मुताबिक, रणवीर ने एक बड़ा फैसला लिया है। उन्होंने तय किया है कि वह अगले 18 महीनों तक किसी भी तरह का इंटरव्यू नहीं देंगे और इस विवाद पर कोई बयान भी नहीं देंगे। रिपोर्ट्स के अनुसार, रणवीर ने यह बात एक ट्रेड जर्नलिस्ट से मुलाकात के दौरान खुद कही। उन्होंने साफ कर दिया कि वह 'डॉन 3' से जुड़े किसी भी सवाल पर बात नहीं करेंगे और अपनी अगली फिल्म 'प्रलय' की रिलीज तक मीडिया से दूरी बनाए रखेंगे। दरअसल, रणवीर सिंह और फिल्ममेकर फरहान अख्तर के बीच 'डॉन 3' को लेकर मतभेद हो गए थे। कहा जा रहा है कि रणवीर फिल्म की स्क्रिप्ट और बार-बार हो रही देरी से खुश नहीं थे। इसी वजह से उन्होंने फिल्म छोड़ने का फैसला लिया।

टीवी मसाला



# बाघा का रो-रोकर बुरा हाल मां को यादकर फफक पड़े

**नई दिल्ली।** पॉपुलर टीवी शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में बाघा का किरदार निभाकर मशहूर हुए तन्मय वेकारिया हाल ही सेट पर भावुक हो गए। तन्मय मां को याद कर इस कदर बिलख पड़े कि असित मोदी को शूटिंग बीच में ही रोकनी पड़ी और वह एक्टर को संभालते दिखे। सोशल मीडिया पर 'तारक मेहता...' के सेट से वीडियो सामने आया है, जिसे देख फैंस भी भावुक हो गए हैं। वीडियो में नजर आ रहा है कि तन्मय वेकारिया सीन के बीच भावुक हो गए और फूट-फूटकर रो पड़े। यह देख शो के प्रोड्यूसर असित मोदी ने उन्हें ढांढस बंधाया और संभालते दिखे। तन्मय वेकारिया एक सीन शूट कर रहे थे, जो बाघा और बावरी की लव स्टोरी से जुड़ा था। लेकिन, जैसे ही कैमरा रोल होना शुरू हुआ, तन्मय भावुक हो गए। दरअसल, तन्मय वेकारिया की मां उन्हें बाघा के रोल में बेहद पसंद करती थीं, पर हाल ही उनका निधन हो गया। फिलहाल शो में बाघा और बावरी की लव स्टोरी का ट्रैक दिखाया जा रहा है, जिसे दर्शक खूब पसंद कर रहे हैं। लेकिन, तन्मय इस दुख को बर्दाश्त नहीं कर पा रहे कि अब उनके लिए दर्शकों के इस प्यार और बाघा के रूप में उन्हें देखने के लिए मां दुनिया में नहीं है, और वह रोने लगे। तन्मय वेकारिया का हाल देख सेट का माहौल गम में बदल गया और हर किसी की आंखें नम हो गईं। शूटिंग भी रोक दी गई। असित मोदी के अलावा 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के प्रोड्यूसर्स और बाकी टीम तन्मय वेकारिया के पास जाकर उन्हें संभालने लगी। इसके बाद तन्मय ने अपनी मां से जुड़ी कई प्यारी यादें साझा कीं और बताया कि कैसे वह 'बाघा' वाले हर एपिसोड को देखने का बेसब्री से इंतजार करती थीं।


## माता-पिता का करें सम्मान : इमरान

**मुंबई।** छोटे पर्दे के मशहूर कलाकार के तौर पर अभिनेता इमरान खान को जाना जाता है। फादर्स डे के खास अवसर को मद्देनजर रखते हुए इमरान ने आज के समय में बच्चों को अनुसान सिखाने और माता-पिता सम्मान को लेकर चर्चा की है।



धारावाहिक जगधात्री में महेश देशमुख की भूमिका निभाने वाले अभिनेता इमरान खान कहते हैं- बतौर पिता मैं अपने बच्चों से सम्मान और अनुशासन की उम्मीद करता हूं। बच्चों को अपने माता-पिता को सम्मान देना ही चाहिए। यह मैं खासतौर पर आज की जेन जी पीढ़ी के लिए कहना चाहता हूं। हर माता-पिता अपने बच्चों को पालने के लिए बहुत मेहनत करते हैं। इसलिए, माता-पिता को उल्टे जवाब देना और सम्मान न करना मुझे नहीं पसंद है। माता-पिता को भी अपने बच्चों को बचपन से ही ये चीजें सिखानी चाहिए। मैंने देखा है कि कुछ माता-पिता अपने बच्चों को बहुत लाड-प्यार देते हैं, लेकिन उन्हें लोगों का सम्मान करना और तमीज सिखाना भूल जाते हैं।

# धमाल 4 का नया गाना कहर रिलीज, गुरु रंधावा ने लगाया तड़का




**मुंबई।** इस साल की एक और अवेटेड फिल्म 'धमाल 4' के ट्रेलर और हाल ही में रिलीज हुए जबरदस्त गाने 'चटनी' के बाद, 'धमाल 4' के मेकर्स ने अब एक और नया गाना 'कहर' रिलीज किया है। मजा कई गुना बढ़ाने वाला यह गाना सभी को एनर्जी और एंटरटेनमेंट से भरपूर एक जबरदस्त म्यूजिकल सफर पर ले जाता है। गाने में 'धमाल 4' की कास्ट के साथ गुरु रंधावा ने टीमअप किया है और गजब के पंजाबी वाइब्स दे रहे हैं। इस गाने को गुरु रंधावा ने गाया है और इसके बोल और संगीत गिल मचराई, रोनी अजनाली और गुरु रंधावा ने दिए हैं। संजॉय के प्रोड्यूस और अरेंज किए गए इस गाने में दर्शकों को एक मजेदार सफर पर ले जाया जाता है, जिसमें 'धमाल बॉयज' गुरु के रंग में रंगे हुए, अपने सबसे अनोखे अंदाज में और पीयूष व शाजिया के कोरियोग्राफ किए गए अपने जबरदस्त हुक स्टेप के साथ खूब धमाल मचाते हुए नजर आते हैं। इस गाने में एक्ट्रेस केतिका शर्मा भी एक स्पेशल अपीयरेंस में दिखाई देती हैं। हर उम्र के लोगों के लिए जबरदस्त मनोरंजन का वादा करते हुए, 'धमाल 4' में अजय देवगन, अरशद वारसी, रितेश देशमुख, जावेद जाफरी और संजय मिश्रा जैसे दमदार कलाकार एक साथ नजर आएंगे।

# वैष्णो देवी के दरबार में पहुंचे अक्षय, लिया माता का आशीर्वाद



वेलकम टू द जंगल की रिलीज से पहले अक्षय ने लिया वैष्णो देवी का आशीर्वाद

**नई दिल्ली।** अक्षय कुमार इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'वेलकम टू द जंगल'को लेकर चर्चाओं में हैं। इस बीच हाल ही में अक्षय फिल्म की रिलीज से पहले माता वैष्णो देवी के दरबार में पहुंचे। अक्षय ने त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित इस पवित्र मंदिर में माथा टेका और आशीर्वाद लिया। मंदिर परिसर में अभिनेता को देखते ही वहां मौजूद फैंस ने उन्हें घेर लिया। इस दौरान अक्षय कुमार पारंपरिक सफेद कुर्ता पहने नजर आए। सोशल मीडिया पर भी अक्षय के कई वीडियो सामने आए हैं, जिसमें फैंस उनके साथ सेल्फी लेने की कोशिश करते नजर आ रहे हैं। मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए जाने से पहले कुमार यात्रा के बेस कैंप कटरा पहुंचे। अधिकारियों ने बताया कि मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए जाने से पहले अक्षय यात्रा के बेस कैंप कटरा पहुंचे। एक्टर के आने से श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों में काफी उत्साह देखा गया। कई लोग फिल्म स्टार की एक झलक पाने की उम्मीद में रास्ते में और मंदिर परिसर में जमा हो गए। अधिकारियों ने बताया कि कुमार ने पवित्र गुफा मंदिर में दर्शन किए और लौटने से पहले कुछ समय पूजा-अर्चना में बिताया। अहमद खान द्वारा निर्देशित 'वेलकम टू द जंगल' में अक्षय कुमार समेत 34 कलाकार प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। इनमें अक्षय कुमार के साथ सुनील शेट्टी, दिशा पाटनी, जैकलीन फर्नांडिस, रवीना टंडन, लारा दत्ता, अरशद वारसी, तुषार कपूर, श्रेयस तलपड़े, आफताब शिवदासानी और जैकी श्रॉफ समेत कई अन्य नाम शामिल हैं। यह फिल्म 26 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।

## आकाश हैं, धूप में छांव हैं, जब टूट जाओ तो हिम्मत हैं पिता

# पिता-पुत्र के रिश्ते पर बनी हैं ये फिल्में, दर्शकों के दिलों को जीतने में रहीं कामयाब

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

'पिता सिर्फ एक रिश्ता नहीं है, वह एक भरोसा होना चाहिए, जो तुम्हें यकीन दिलाए कि अगर पूरी दुनिया भी तुम्हारे सामने खड़ी हो जाए न तो तुम लड़ लोगे!' यह डायलॉग है शाहरुख खान की फिल्म 'जवान' का। फिल्म में यह संवाद नयनतारा बोलती हैं। और, सही मायने में यह फिल्म में कह देने भर की बात नहीं है, बल्कि जिंदगी की हकीकत है। पिता आकाश हैं। धूप में छांव हैं। जब टूट जाओ तो पिता हिम्मत हैं। निर्माता-निर्देशकों ने भी इस रिश्ते की खूबसूरती को पर्दे पर दिखाने की कोशिश की है।

### जवान

शाहरुख खान की फिल्म 'जवान' में भी बाप-बेटे की कहानी है। फिल्म में शाहरुख पिता और पुत्र की दोहरी भूमिका में हैं। फिल्म का ये डायलॉग खूब हिट हुआ है, 'बेटे को हाथ लगाने से पहले बाप से बात कर!' अभिनय के मामले में भी शाहरुख का पिता के रूप में विक्रम राठौर का किरदार कहीं ज्यादा पसंद किया गया।

### गदर 2

फिल्म 'गदर 2' बाप-बेटे के रिश्ते पर आधारित है, जहां पिता के रूप में सनी देओल अपने बेटे (उत्कर्ष शर्मा) के लिए पाकिस्तान तक पहुंच गए। जीते (उत्कर्ष शर्मा) जब पाकिस्तान में फंस जाता है, तो वह पाकिस्तानी फौजी अफसर से कहता है, 'दुआ कर कि मेरा बाप यहां ना आए। अगर मेरा बाप यहां आ गया, तो तेरे इतने टुकड़े करेगा, इतने टुकड़े करेगा...' वहीं तारा सिंह भी भले ही घर में जवान बेटे पर हाथ उठा देता हो, लेकिन बेटे के मुसीबत में फंस जाने पर सारे खतरे उठाकर पाकिस्तान चल पड़ता है। इससे पहले बाप से अक्सर नाराज रहने वाला बेटा भी अपने पिता को तलाशने की खातिर दुश्मन मुल्क पाकिस्तान में जाने का जोखिम उठाता है। फिल्म में एक और भावुक कर देने वाला संवाद है, जब जीते एक जगह कहता है, 'जिसके ऊपर पिता का साया है, उसे फिक्र करने की क्या जरूरत!'




### ओएमजी 2

*फिल्म 'ओएमजी 2' भी पिता-पुत्र की कहानी पर आधारित है, जिसमें एक पिता अपने मासूम बेटे के लिए कोर्ट तक जाता है। फिल्म में दिखाया गया कि जब नाबालिग बेटा अपना वीडियो वायरल होने के चलते परेशानी में था और सारी दुनिया उसके खिलाफ थी, तब उसके बाप ने ही उसका पूरी मजबूती से साथ दिया। यही नहीं, वह अपने बेटे की खातिर अपना सब कुछ दांव पर लगाकर सारी दुनिया से भिड़ने से भी नहीं हिचकिचाया।*

**टाइगर 3:** सलमान खान की फिल्म 'टाइगर 3' भी बाप-बेटे की कहानी कहती है। फिल्म में सलमान खान का एक संवाद है, 'मेरे बेटे को मैं नहीं, इंडिया बोलेगा कि उसका बाप क्या था? गद्दार या देशभक्त! जिंदा रहा तो आपकी खिदमत में फिर हाजिर नहीं तो जय हिंद'! यह फिल्म भी पिता-पुत्र के रिश्ते पर बनी है।

**एनिमल :** रणबीर कपूर की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'एनिमल' भी इस लिस्ट में शामिल है। इसमें रणबीर के पिता की भूमिका में अनिल कपूर नजर आए। अनिल कपूर को एक ऐसे सख्त पिता की भूमिका में दिखाया गया, जो अपने बेटे को किसी लायक नहीं समझता। हालांकि, बाद में फिल्म एक भावुक मोड़ लेती है। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई।

**102 नॉट आउट:** अमिताभ बच्चन और ऋषि कपूर की ये फिल्म भी बाप-बेटे के रिश्ते पर बनी है। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन ने 102 साल की उम्र के पिता को रोल निभाया था, जबकि दिवंगत एक्टर ऋषि कपूर इसमें 75 साल के उनके बेटे की भूमिका में दिखाई दिए थे। फिल्म में बाप-बेटे की बेहतरीन केमिस्ट्री देखने को मिली। इस फिल्म का निर्देशन उमेश शुक्ला ने किया था।

**पा :** साल 2009 में अमिताभ, अभिषेक और विद्या बालन अभिनीत फिल्म 'पा' ने सिनेमा जगत के कई रिकार्ड्स तोड़े जब प्रोजेरिया से पीड़ति बेटे का किरदार निभाया अमिताभ बच्चन ने और उसके पिता का किरदार खुद उनके बेटे अभिषेक ने निभाया। एक बेहद मार्मिक कहानी जो 13 साल के एक बीमार बच्चे की है। इसमे साहस और आत्मविश्वास कूट-कूट कर भरा है। आर बाल्की ने इस फिल्म में पिता और पुत्र के एक अनोखे रिश्ते को दर्शाया है जो एक- दूसरे के बहुत अच्छे दोस्त है।

## खबर संक्षेप



### एसपी ने किया कनीना सदर थाने का औचक निरीक्षण

**कनीना।** पुलिस अधीक्षक दीपक ने सदर थाने का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना के विभिन्न अनुभाग व मदों की बारीकी से जांच की। उन्होंने थाना इंचार्ज रविंद्र सिंह सहित पुलिस कर्मचारियों को जरूरी दिशा निर्देश देते हुए लंबित मामलों को शीघ्रता से निपटाने को कहा। थाना परिसर में साफ-सफाई परखने के साथ-साथ फरियादियों से भी बातचीत की। उन्होंने अपराधियों तथा हिस्ट्रीशीटरों की जानकारी भी हासिल की।

### बावड़ीपुर में कल गूंजेगा राधा नाम संकीर्तन

**नारनौल।** शहर में कर्म, भक्ति, ज्ञान और गौसेवा की अलख जगाने वाली संस्था श्री राधे-राधे मित्र मंडल फेरी द्वारा 21 जून को पहली भव्य प्रभातफेरी का आयोजन किया जाएगा। मोहल्ला बावड़ीपुर से प्रातः 6 बजे शुरू होने वाली इस फेरी में राधा नाम संकीर्तन, भजन-कीर्तन और ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच श्रद्धालु भक्तिरस में सराबोर होंगे। आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम में हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

### 121 महिलाओं की कलश यात्रा से गूंजा अटाली गांव

**मंडी अटेली।** खंड सिहमा के गांव अटाली में शुक्रवार को भक्ति अनुशासन और सामूहिक आस्था का अनुपम दृश्य देखने को मिला। गांव में आयोजित भव्य कलश यात्रा में 121 महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। महिलाओं के साथ बड़ी संख्या में पुरुष श्रद्धालुओं ने भी भाग लिया, जिससे यह आयोजन और अधिक भव्य बन गया। कलश यात्रा का शुभारंभ बाबा शोद वाला मंदिर से विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुआ।

### लक्ष्मीनारायण यादव बसपा में हुए शामिल

**नारनौल।** अटेली हलके में बहुजन समाज पार्टी को एक बड़ी सफलता मिली, जब भोड़ी गांव निवासी एवं सामाजिक, राजनैतिक कार्यकर्ता लक्ष्मीनारायण यादव बहुजन समाज पार्टी में शामिल हो गए। बसपा नेता अतरलाल एडवोकेट ने लक्ष्मीनारायण यादव को माला पहनाकर और पार्टी का झंडा सौंप कर पार्टी में शामिल किया। अतरलाल ने कहा कि लक्ष्मीनारायण यादव के बसपा में शामिल होने से पार्टी राज्य और जिला में मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होते हैं।

### रेवती देवी की पुण्यतिथि पर किया पौधारोपण

**नांगल चौधरी।** शहर में वरिष्ठ समाजसेविका रही दिवंगत रेवती देवी की पुण्यतिथि पर परिजनों ने डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क में बरगद का पौधा लगाया है। इसके बाद जरूरतमंदों को वस्त्र वितरित करके युवाओं को परोपकारित कार्यों से जुड़ने का संदेश दिया। शुभम शर्मा व मोहित शर्मा ने बताया कि दूसरों के लिए जीना ही जीवन का नैतिक सिद्यांत है। दिवंगत रेवती देवी ने अपने जीवन में सेवा, संस्कार और समर्पण की भावना से समाजहित के अनेक कार्य किए।

## 16 गांवों में किसानों को सिखाए प्राकृतिक खेती के गुर

### विशेष कार्यक्रम के तहत उद्यान विकास विभाग के अधिकारियों ने स्वयं विभिन्न गांवों का दौरा किया

**केंद्र सरकार के 12 गौरवशाली वर्ष स्प्रिंकलर सिस्टम पर 85 प्रतिशत तक की सब्सिडी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

केंद्र सरकार के सेवाए सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित 12 गौरवशाली वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में देशव्यापी जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को जिला के कृषि एवं बागवानी विभाग की ओर से जिले के 16 गांवों में प्राकृतिक खेती व बागवानी को लेकर एक विशेष जागरूकता महाअभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस महाअभियान का उद्देश्य ग्रामीण अंचलों में पारंपरिक कृषि के स्थान पर उन्नत बागवानी और रसायन मुक्त प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना है, ताकि हमारे अन्नदाताओं की आय में गुणात्मक वृद्धि सुनिश्चित की जा सके। इस विशेष कार्यक्रम के तहत विभाग के उद्यान विकास अधिकारियों ने स्वयं विभिन्न गांवों का दौरा किया और खेतों की चौपालों पर एकत्रित विशाल किसान समूहों को संबोधित करते हुए बागवानी विभाग की अत्यंत महत्वाकांक्षी व कल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी प्रदान की। अधिकारियों ने किसानों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे पारंपरिक फसलों के घाटे के चक्र से बाहर निकलकर फल, फूल और सब्जियों की आधुनिक खेती को अपनाएं, जो कम लागत और सीमित पानी में अधिक मुनाफा देने में पूरी तरह सक्षम हैं। आयोजित हुए इस विशाल चेतना अभियान के तहत जिले के जिन प्रमुख 16 गांवों को शामिल किया गया। इनमें गांव नीरपुर, भोजावास, हसनपुर, नियाजलीपुर, डिगरौता, स्याना, पोता, नावां, बाछौद, नूनी कलां, शहरपुर, बेरी, कोथल, खानपुर, गहली और मुलोदी शामिल हैं। इन सभी क्षेत्रों में किसानों के भीतर विभागीय योजनाओं को लेकर उत्साह और नई सीखने की ललक देखने को मिला।



**नारनौल।** बागवानी के बारे में किसानों को जागरूक करते बागवानी विकास विभाग के अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

#### छोटे किसान भी शुरू करें बागवानी

गोष्ठियों के दौरान उद्यान विकास अधिकारियों ने केंद्र सरकार की ओर से बागवानी क्षेत्र को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए चलाई जा रही दो महत्वपूर्ण एवं क्रांतिकारी योजनाओं की संपूर्ण तकनीकी व व्यावहारिक जानकारी साझा की। इसमें पहली प्रमुख योजना एकीकृत बागवानी विकास मिशन है, जिसके तहत सरकार की ओर से किसानों को नए फलदार बाग लगाने, उच्च गुणवत्तापूर्ण पौध तैयार करने, आधुनिक ग्रीनहाउस और पॉलीहाउस की स्थापना करने तथा कवकनाशी व जैविक खादों के उपयोग पर भारी वित्तीय सहायता और अनुदान राशि प्रदान की जाती है। इस योजना की सहायता से सामान्य पृष्ठभूमि के छोटे किसान भी आधुनिक तकनीकों को अपनाकर उच्च स्तर की बागवानी शुरू कर सकते हैं, क्योंकि सरकार इसमें प्रारंभिक निवेश की एक बहुत बड़ी हिस्सेदारी स्वयं वहन करती है।

#### टपका सिंचाई की जानकारी दी

इसके साथ ही अधिकारियों ने दूसरी सबसे योजना प्रति बूंद अधिक फसल यानी टपका सिंचाई योजना के बारे में किसानों को गहराई से जागरूक किया। जल संरक्षण और शुष्क क्षेत्रों में खेती को टिकाऊ व सुरक्षित बनाने की दिशा में यह योजना आज के समय में एक बड़ा वरदान सिद्ध हो रही है। इस योजना के अंतर्गत खेतों में ड्रिप इरिगेशन और स्प्रिंकलर सिस्टम स्थापित करने के लिए सरकार किसानों को 85 प्रतिशत तक की भारी सब्सिडी उपलब्ध करा रही है, जिससे पानी की भारी बचत तो होती ही है, साथ ही साथ फसलों को उनकी आवश्यकता के अनुसार सटीक मात्रा में पानी और पोषक तत्व सीधे पौधों की जड़ों तक मिलते हैं।

## कल आईटीआई मैदान में होने वाले योग कार्यक्रम की तैयारियां पूरी

### महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी होगी मुख्य अतिथि





**नारनौल।** आईटीआई मैदान में योग का अभ्यास करते नागरिक तथा कनीना के प्रोटोकॉल में योगाभ्यास करते एसडीएम व योग साधक। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

- नागरिकों को सुबह 6:00 बजे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचना होगा

12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग और नशा मुक्त हरियाणा के संकल्प के साथ शुक्रवार को आईटीआई मैदान में जिला स्तरीय योग पूर्वाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डीएसपी भारत भूषण ने दीप प्रज्ज्वलित कर इस कार्यक्रम की शुरूआत की। इस बार 21 जून को होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत करेंगी।

हरियाणा योग आयोग, आयुष विभाग तथा जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम में अरुण कुमार ने प्रोटोकॉल के अनुसार योग क्रियाएं करवाई। उपायुक्त अनुपमा अंजली के मार्गदर्शन में आगामी 21 जून को आईटीआई मैदान में होने वाले इस कार्यक्रम के लिए सभी प्रकार की तैयारी पूरी कर ली गई हैं। आईटीआई के पूरे मैदान पर मैट बिछाया गया है, ताकि योग करने वालों को किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के इस कार्यक्रम में सभी सामाजिक संगठन, राजनीतिक दल, शिक्षण संस्थाएं, अधिकारी तथा कर्मचारियों को आमंत्रित किया गया है। इस दिन एक साथ हजारों की संख्या में नागरिक मौजूद रहकर योग की क्रियाएं करेंगे। 21 जून को योग कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सभी नागरिकों को सुबह 6:00 बजे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचना होगा। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ शशि बाला ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया।

#### कनीना योग दिवस समारोह में महेंद्रगढ़ विधायक होंगे मुख्य अतिथि

**कनीना।** जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग की ओर से 21 जून को मनाए जाने वाले 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में पीकेएसडी कॉलेज में शुक्रवार को प्रोटोकॉल योग प्रशिक्षण की फाइनल रिहर्सल हुई। जिसमें एसडीएम डॉ. जितेंद्र सिंह बहलावत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। शिविर में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों, शिक्षकों, कर्मचारियों व आम नागरिकों ने भाग लेकर योग, प्राणायाम व ध्यान का अभ्यास किया। योग सहायक पवन कुमार ने प्रतिभागियों को कॉमन योगा प्रोटोकॉल के अंतर्गत विभिन्न योगासनों, प्राणायाम व ध्यान की विधियों का अभ्यास करवाया। एसडीएम ने कहा कि 21 जून को राजकीय पीकेएसडी कॉलेज में आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह में महेंद्रगढ़ के विधायक कंवर सिंह यादव मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। इस मौके पर तहसीलदार पायल यादव, एसडीओ पीआर पुरुषोत्तम, बीईओ सुरेश यादव, कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. हरिओम भारद्वाज, एचएमओ डॉ. नेहा यादव, कार्यक्रम संयोजक डॉ. शशि मोरवाल, अजित सिंह, सुनील कुमार आदि उपस्थित थे।



**महेंद्रगढ़।** योग की क्रियाएं करते साधक। फोटो : हरिभूमि

#### तनाव से मुक्ति के लिए योग जरूरीः एसडीएम

**महेंद्रगढ़।** शुक्रवार को स्थानीय हुड्डा पार्क में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में पायलट रिहर्सल हुई। इस दौरान एसडीएम योगेश सैनी बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए। रिहर्सल में एसडीएम योगेश सैनी सहित विभिन्न विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों व आमजन ने योगासन किए। योग प्रोटोकॉल की फाइनल रिहर्सल का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन के साथ एसडीएम योगेश सैनी ने किया। रविवार 21 जून को सुबह 5.30 बजे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर उपमंडल स्तरीय कार्यक्रम स्थानीय हुड्डा पार्क में होगा। एसडीएम योगेश सैनी ने कहा कि योग हमें तनाव से मुक्ति दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।



**मंडी अटेली।** अटेली महिला महाविद्यालय योग करते साधक। फोटो : हरिभूमि

#### योग दिवसः अव्यवस्था से साधक नाराज

**मंडी अटेली।** 21 जून को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर स्थानीय स्तर पर तैयारियों में भारी लापरवाही सामने आई है। अटेली महिला महाविद्यालय प्रांगण में आयोजित तीन दिवसीय योग रिहर्सल अव्यवस्था और प्रशासनिक उदासीनता की भेंट चढ़ता नजर आया। रिहर्सल में जिन विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों और सरपंचों की ड्यूटी लगाई गई थी, वे अधिकांश अनुपस्थित रहे। महज करीब 150 योग साधकों की मौजूदगी में कार्यक्रम औपचारिकता तक सीमित रह गया। कार्यक्रम स्थल पर बुनियादी सुविधाओं का भी अभाव रहा।



**महेंद्रगढ़।** विधायक का स्वागत करते क्षत्रीय सभा के पदाधिकारी व सदस्य।

#### धर्मशाला निर्माण कार्य के लिए विधायक ने की 15 लाख की घोषणा

**महेंद्रगढ़।** मोहल्ला नत्थूवाला स्थित रोहिल्ला टांक क्षत्रीय सभा द्वारा आयोजित विशाल कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक कंवर सिंह यादव ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता सभा के प्रधान बृजलाल रोहिल्ला ने की। इस अवसर पर समाज के लोगों ने विधायक का फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया। विधायक कंवर सिंह यादव ने रोहिल्ला टांक क्षत्रिय सभा की धर्मशाला के निर्माण कार्य के लिए 15 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि समाज सेवा और सर्वजन कल्याण के कार्यों में सरकार सदैव सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है। सभा की ओर से विधायक को सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि धर्मशाला एवं श्री नामदेव महाराज मंदिर का निर्माण कार्य लंबे समय से अधूरा है। यह धर्मशाला सर्वजातीय समाज के मांगलिक कार्यों के लिए निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती है। साथ ही बाहर से आने वाले विद्यार्थियों एवं राहगीरों के ठहरने की व्यवस्था भी यहां निःशुल्क की जाती है। परिसर में समय-समय पर धार्मिक आयोजन एवं विशाल भंडारों का आयोजन भी किया जाता है। इस दौरान संस्था ने विधायक को एक अन्य प्रस्ताव भी सौंपा, जिसमें भाई राम सिंह की कोठी से मोदा आश्रम तक जाने वाले मार्ग का नाम श्री नामदेव महाराज मार्ग रखने की मांग की गई। । इस अवसर पर उपप्रधान रमेश रोहिल्ला, सचिव ओमप्रकाश, कोषाध्यक्ष रोहताश वर्मा, संरक्षक मास्टर भीषन रोहिल्ला, सुरेश वर्मा, सिद्धार्थ रोहिल्ला, महेंद्र, दीपू वर्मा, अशोक कुमार, बजरंग लाल, अनिल रोहिल्ला, बलवंत रोहिल्ला, महावीर साहब, नरेश प्रधान, जयविंदर, सतबीर सिंह, वीरेंद्र आदि मौजूद रहे।

## हरियाणा केंद्रीय विवि में बीबीए पाठ्यक्रम शुरू

- आठ जुलाई तक कर सकते हैं ऑनलाइन पंजीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय शैक्षणिक सत्र 2026-27 से एक नया स्नातक पाठ्यक्रम बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (बीबीए) प्रारंभ करने जा रहा है। व्यवसाय प्रबंधन के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू किए जा रहे इस कार्यक्रम में प्रवेश हेतु ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया गुरुवार से प्रारंभ हो गई है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप प्रारंभ किया जा रहा बीबीए कार्यक्रम विद्यार्थियों को प्रबंधन, उद्यमिता तथा उद्योग जगत की आवश्यकताओं के अनुरूप कौशल प्रदान करेगा। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए रोजगार एवं उच्च शिक्षा के विविध अवसरों के द्वार खोलेगा। उन्होंने कहा कि बीबीए कार्यक्रम को इस प्रकार तैयार किया गया है कि विद्यार्थियों में प्रबंधकीय कौशल, नेतृत्व क्षमता, उद्यमशील सोच तथा व्यवसाय एवं प्रबंधन के क्षेत्र में सफल करियर के लिए मजबूत आधार विकसित किया जा सके। विश्वविद्यालय ने नॉन सीयूईटी एडमिशन पोर्टल के नोडल ऑफिसर डॉ. अनुराग बी. सिंह ने बताया कि इस पाठ्यक्रम में 60 सीटें उपलब्ध हैं तथा प्रवेश 12वीं कक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर तैयार की जाने वाली मेरिट सूची के अनुसार किए जाएंगे। मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10+2 अथवा समकक्ष परीक्षा में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण अभ्यर्थी आवेदन के पात्र हैं। भारत सरकार के प्रावधानों के अनुसार अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, दिव्यांगजन तथा अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन-क्रीमी लेयर) के अभ्यर्थियों को न्यूनतम अंकों में 5 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी।

### हकेंवि के दो विद्यार्थियों को दुबई में मिला रोजगार अवसर

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के एमटेक (स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग) कार्यक्रम के दो विद्यार्थियों, सौरभ कुशवाहा एवं तुषार कांत ने दुबई में रोजगार के अवसर प्राप्त कर विश्वविद्यालय एवं विभाग का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यार्थियों की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार, समकुलपति प्रो. पवन कुमार शर्मा तथा कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल व्यावसायिक भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं। कुलपति ने कहा कि विद्यार्थियों का अंतर्राष्ट्रीय कंपनी में चयन विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों की अंतर्राष्ट्रीय स्थापना है। विश्वविद्यालय में सिविल इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. भास्कर दास ने विद्यार्थियों तथा विभाग के शिक्षकों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें विभाग का गौरव बढ़ाने के लिए बधाई दी। स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के अधिष्ठाता प्रो. विकास गर्ग ने भी विद्यार्थियों को उनकी अंतरराष्ट्रीय स्तर की नियुक्ति पर बधाई देते हुए प्रसन्नता व्यक्त की



**मंडी अटेली।** योग दिवस की तैयारी में अभ्यास करते साधक। फोटो : हरिभूमि

#### विश्व योग दिवस की तैयारियां तेज

**मंडी अटेली।** राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल सिहमा में विश्व योग दिवस की तैयारियों के तहत एक विशेष योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्कूल के अध्यापक, कर्मचारी और विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास कर स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान आयुष विभाग से पहुंचे डॉ. नितिन ने विद्यार्थियों को योग के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में योग का महत्व और भी बढ़ गया है। नियमित योगाभ्यास से न केवल शरीर स्वस्थ रहता है, बल्कि मानसिक तनाव भी दूर होता है और एकाग्रता में वृद्धि होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे प्रतिदिन योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करें ताकि वे शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बन सकें। इस मौके पर डॉ. तनुज, डॉ. शक्ति सिंह, डॉ. बाबूलाल और डॉ. विजय ने भी विद्यार्थियों को विभिन्न योगासन के बारे बताया और उनके सही तरीके से अभ्यास करने के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सही विधि से किया गया योग ही शरीर को अधिक लाभ पहुंचाता है। वहीं स्कूल के प्राचार्य कृष्ण कुमार ने विद्यार्थियों और स्टाफ को कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जिसे अपनाकर हम स्वस्थ और संतुलित जीवन जी सकते हैं। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि वे योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं।

**सुविधा** | ग्रामीण उपभोक्ताओं को किफायती दरों पर हाई-स्पीड इंटरनेट उपलब्ध हो रहा

## भारतनेट उद्यमी योजनाः 15 हजार से अधिक ब्रॉडबैंड कनेक्शन उपलब्ध

**शिक्षा, स्वास्थ्य, ई-गवर्नेंस, डिजिटल भुगतान व स्वरोजगार के नए अवसर हो रहे विकसित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

बीएसएनएल रेवाड़ी बिजनेस एरिया ने भारत सरकार की महत्वाकांक्षी भारतनेट उद्यमी योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल कनेक्टिविटी को सुदृढ़ बनाने की दिशा में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है।

इस योजना के तहत अब तक 15000 से अधिक ब्रॉडबैंड कनेक्शन उपलब्ध कराए जा चुके हैं। इस उपलब्धि से ग्रामीण उपभोक्ताओं को तेज और विश्वसनीय इंटरनेट सेवाएं प्राप्त हो रही हैं, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य, ई-गवर्नेंस, डिजिटल भुगतान और स्वरोजगार के नए अवसर विकसित हो रहे हैं। योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में उच्च गति इंटरनेट उपलब्ध कराकर डिजिटल इंडिया मिशन को गति देना है। इसके अंतर्गत ग्राम पंचायतों, विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों व किसान उत्पादक संगठनों को ब्रॉडबैंड से जोड़ा जा रहा है। योजना के तहत प्रत्येक सक्रिय कनेक्शन से प्राप्त राजस्व का 50 प्रतिशत हिस्सा भारतनेट उद्यमी को प्रदान किया जाता है, जिससे उन्हें नियमित आय प्राप्त होती है और ग्रामीण क्षेत्रों में उद्यमिता को बढ़ावा मिलता है।

इस पहल से ग्रामीण उपभोक्ताओं को किफायती दरों पर हाई-स्पीड इंटरनेट उपलब्ध हो रहा है और डिजिटल साक्षरता तथा ऑनलाइन सेवाओं का उपयोग निरंतर बढ़ रहा है।

यह सेवा भारत सरकार की पहल पर उपलब्ध कराई जा रही है तथा मात्र 15 से 30 रुपये प्रतिदिन के खर्च में पूरे घर में वाई-फाई सुविधा मिल रही है।

#### बोले महाप्रबंधक

महाप्रबंधक दूरसंचार रेवाड़ी पूरन चंद ने कहा कि भारतनेट उद्यमी योजना न केवल डिजिटल सेवाओं की पहुंच बढ़ा रही है, बल्कि स्थानीय युवाओं और उद्यमियों के लिए रोजगार व आय सृजन का स्थायी माध्यम भी बन रही है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि इस योजना से ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक समावेशन को बल मिला है, क्योंकि अब गांवों के विद्यार्थी ऑनलाइन शिक्षा से जुड़ रहे हैं, किसान डिजिटल प्लेटफॉर्म पर बाजार भाव और मौसम की जानकारी प्राप्त कर रहे हैं तथा महिलाएं स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से ई-गवर्नेंस और डिजिटल भुगतान का लाभ उठा रही हैं। उन्होंने जिले के युवाओं, स्वयं सहायता समूहों तथा स्थानीय उद्यमियों से इस योजना का लाभ उठाने का आह्वान किया और विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में रेवाड़ी बीए में भारतनेट कनेक्शनों की संख्या और बढ़ेगी तथा यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभाएगी।



पूरन चंद, महाप्रबंधक दूरसंचार रेवाड़ी।

### ग्रिल टूटने से छत से गिरे व्यक्ति की मौत

**नारनौल।** शहर के मोहल्ला जमालपुर निवासी 52 वर्षीय व्यवसायी जयसिंह की छत से गिरने के कारण मौत हो गई। जानकारी के अनुसार गुरुवार शाम वह घर की छत पर बने टॉयलेट में गए थे। बाहर निकलते समय छज्जे पर लगी ग्रिल अचानक टूट गई, जिससे वह नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उन्हें तुरंत नागरिक अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया और बाद में परिजनों को सौंप दिया। बता दें कि जयसिंह पूर्व में चिकन व्यवसाय से जुड़े थे । उनके पीछे पत्नी और एक बेटी हैं, जबकि उनके बेटे का करीब एक वर्ष पहले निधन हो चुका है।

#### सार्वजनिक सूचना

मैं सुगाराम पुत्र प्रभाताराम वासी गांव नायन तहसील नांगल चौधरी जिला महेंद्रगढ़ हरियाणा बयान करता हूं कि मेरे आर्मी रिकॉर्ड नं 2975394एन में मेरे पुत्र का नाम RAJINDER KUMAR है जबकि उसका सही नाम RAJENDER KUMAR SINGH है। नियमानुसार ठीक करने का कष्ट करें।

### वरिष्ठ नागरिक संगठन सदस्य की पत्नी का निधन

**नारनौल।** वरिष्ठ नागरिक संगठन के सदस्य रामबिलास यादव की पत्नी बिमला देवी का स्वर्गवास हो गया। जिस पर वरिष्ठ नागरिक संगठन के प्रधान दुलीचन्द शर्मा की अध्यक्षता में संगठन का एक शिष्टमंडल दिवंगत आत्मा को श्रद्धान्जलि देने के लिए उनके निवास स्थान मोहल्ला कोलियान पहुंचा। संगठन की ओर से शोक सन्देश देकर दिवंगत पुण्यात्मा को प्रभु से अपने चरणों में स्थान प्रदान करने की प्रार्थना की। बिमला देवी धार्मिक विचारों की गृहणी थी। वे सदैव पूजा पाठ में विश्वास रखती थी और आस पड़ोस में मिलनसार स्वभाव की धनी मानी जाती थी।



स्व. बिमला देवी।



## महेंद्रगढ़ के सभी नौ परीक्षा केंद्रों पर लगभग 3800 परीक्षार्थियों के लिए इंतजाम किए

# नीट परीक्षा : ड्यूटी मजिस्ट्रेट व फ्लाइंग स्कवायड तैनात

**पैनी नजर रखने के लिए एक विशेष उड़न दस्ते का गठन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नारनौल

जिले में 21 जून को होने वाली नीट परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो इसके लिए जिला प्रशासन लगातार तैयारी कर रहा है। सुरक्षा से लेकर परीक्षा के तमाम पहलुओं पर जिला प्रशासन की ओर से बारीकी से समीक्षा की जा रही है। जिले के सभी 9 परीक्षा केंद्रों पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। नकल रहित परीक्षा सुनिश्चित करने के लिए फ्लाइंग स्क्वायड भी तैनात रहेगी।

यह जानकारी देते हुए उपायुक्त अनुपमा अंजली ने बताया कि राष्ट्रीय चिकित्सा अधिनियम 2019 की धारा 14 के तहत राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश पुनः परीक्षा का आयोजन 21 जून 2026 (रविवार) को दोपहर दो से शाम 05:15 बजे तक किया जाएगा। दिव्यांग उम्मीदवारों को नियमानुसार अतिरिक्त समय देते हुए शाम 06:20 बजे तक परीक्षा देने की अनुमति रहेगी। परीक्षार्थियों की एंट्री सुबह 11:00 बजे शुरू हो जाएगी। उन्होंने बताया कि जिला महेंद्रगढ़ के सभी नौ परीक्षा केंद्रों पर लगभग 3800 परीक्षार्थियों के लिए इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षा को पूरी तरह से नकल रहित, निष्पक्ष और सफल बनाने के लिए सभी केंद्रों पर ड्यूटी मजिस्ट्रेटों और कार्यकारी मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है तथा पूरी परीक्षा पर पैनी नजर रखने के लिए एक विशेष उड़न दस्ते का गठन भी किया गया है।

### बस स्टैंड व स्टेशन से लाने को किया इंतजाम



उपायुक्त अनुपमा अंजली ने बताया कि परीक्षार्थियों की सहूलियत के लिए जिला प्रशासन की ओर से परीक्षा केंद्रों पर बुनियादी सुविधाओं के व्यापक प्रबंध किए जा रहे हैं। इसके तहत रेलवे स्टेशनों और बस अड्डों से परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने के लिए पर्याप्त स्थानीय परिवहन की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। परीक्षा केंद्रों के बाहर पीने के साफ पानी की उचित व्यवस्था होगी तथा परीक्षार्थियों व उनके अभिभावकों के बैठने के लिए प्रतीक्षालयों में धूप से बचाव के लिए टेंट, छांव, एयर कूलर और पंखों के इंतजाम किए जा रहे हैं। किसी भी स्वास्थ्य संबंधी आपात स्थिति से निपटने के लिए प्राथमिक उपचार, चिकित्सा कर्मचारियों की उपलब्धता, आरक्षित एम्बुलेंस और आपातकालीन प्रतिक्रिया टीमें तैनात रहेंगी। उन्होंने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर तैनात जांच कर्मचारियों को विशेष रूप से प्रशिक्षित किया गया है, ताकि तलाशी की प्रक्रिया पूरी गहनता और संवेदनशीलता के साथ पेशेवर तरीके से पूरी हो। बिजली निगम के साथ तालमेल बिठाकर परीक्षा के दौरान बिना किसी रुकावट के बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की गई है और सभी परीक्षा कक्षों में समय देखने के लिए दीवार घड़ियों की व्यवस्था की गई है। तूफान या भारी बारिश जैसी मौसमी परिस्थितियों से निपटने के उचित उपाय किए गए हैं। जहां शौचालय की कमी है, वहां अस्थाई शौचालयों की व्यवस्था की जाएगी।



नारनौल। सेनेटरी पेड वितरित करती डॉ. राजवती यादव।   फोटो: हरिभूमि

## महिलाओं को वितरित किए सेनेटरी पेड : डॉ. राजवती

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नारनौल

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिवस के अवसर पर महिला कांग्रेस द्वारा संचालित 'प्रियदर्शिनी उड़ान योजना' के तहत शहर में जरूरतमंद महिलाओं, किशोरियों एवं बेटियों को सेनेटरी पैड वितरित किए गए। वहीं खुशी में लड्डू वितरित कर उनके स्वस्थ, दीर्घायु एवं सफल जीवन की कामना भी की गई। यह अभियान महिलाओं के स्वास्थ्य, स्वच्छता, सम्मान और सशक्तिकरण को समर्पित रहा। महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ. राजवती यादव ने कहा कि आज भी देश के अनेक ग्रामीण एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की महिलाएं और किशोरियां मासिक धर्म स्वच्छता से जुड़े आवश्यक संसाधनों से वंचित हैं। महंगे सेनेटरी उत्पादों के कारण उन्हें कई बार असुरक्षित विकल्पों का सहारा लेना पड़ता है, जिससे संक्रमण एवं अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में प्रियदर्शिनी उड़ान योजना महिलाओं के स्वास्थ्य और सम्मान की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। डॉ. राजवती ने बताया कि प्रियदर्शिनी उड़ान योजना के अंतर्गत वितरित किए जाने वाले सेनेटरी पैड महिला कांग्रेस से जुड़ी महिलाओं द्वारा तैयार किए जाते हैं। इससे महिलाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर प्राप्त होते हैं और वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनती हैं। यह योजना एक ओर महिलाओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करती है तो दूसरी ओर महिला सशक्तिकरण और रोजगार सृजन का भी सशक्त माध्यम बन रही है। अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा के नेतृत्व में पूरे देश में एक लाख से अधिक सेनेटरी पैड वितरण का महत्वाकांक्षी अभियान चलाया जा रहा है। इस मौके पर महिला कांग्रेस की पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय महिलाओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई और अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## पॉलीथिन के चालान के विरोध में व्यापारियों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



नारनौल। हरियाणा व्यापार मंडल जिला महेंद्रगढ़ ने पॉलीथिन के नाम पर व्यापारियों के हो रहे अनावश्यक चालान के विरोध में जिला अध्यक्ष संदीप नूनीवाला के नेतृत्व में उपायुक्त के नाम एसडीएम अनिरुद्ध यादव को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में मांग की कि बिना स्पष्ट गाइडलाइन और जागरूकता अभियान के दुकानदारों के चालान न किए जाएं। पहले विकल्प दिया जाए, फिर कार्रवाई हो। उन्होंने मांग की कि इस समस्या की जड़ से यानी पॉलीथिन निर्माण इकाइयों पर कार्रवाई की जाए, जब तक फैक्ट्री में पॉलीथिन का उत्पादन चालू रहेगा, तब तक बाजार में इसकी उपलब्धता बनी रहेंगी, केवल दुकानदारों को दंडित करना न्याय संगत नहीं है। इस अवसर पर एसडीएम ने प्रतिनिधिमंडल की बात को गंभीरता से सुना। उन्होंने आश्वासन दिया कि संबंधित विभाग के अधिकारियों से बात की जाएगी और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि अनावश्यक चालान न काटे जाएं। जिला अध्यक्ष संदीप नूनीवाला ने कहा कि प्रशासन का सकारात्मक रवैया सराहनीय है। हमें उम्मीद है कि अब व्यापारियों को राहत मिलेगी।

## जिला परिषद की बैठक में विभिन्न कार्यों को मिली प्रशासनिक मंजूरी



नारनौल। जिला परिषद के अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार ने कहा कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास विजन और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के अंत्योदय संकल्प को धरातल पर उतारने के लिए हम सब मिलकर पारदर्शिता तथा तेजी से कार्य करेंगे। डॉ. राकेश कुमार शुक्रवार को जिला परिषद कार्यालय के सभागार में आयोजित सामान्य बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाना ही प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उप-मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रमोद कुमार की उपस्थिति में हुई इस बैठक में जिले के समग्र विकास, ग्रामीण बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और 15वें वित्त आयोग व स्टेट फाइनेंस योजना के तहत विभिन्न जनहित परियोजनाओं को हरी झंडी दी गई। इस मौके पर उप प्रधान भीमसिंह, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी रेनुलता, संदीप मालडा सहित विभिन्न विभागों के आला अधिकारी और जिला पार्षद मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

### एनएच 148बी पर प्रशासनिक लापरवाही से दर्दनाक हादसा

# झंडे के लिए खोदे गहरे गड्ढे में गिरने पर 2 युवकों की मौत

**आइसक्रीम बेचकर लौट रहे थे दोनों युवक, एक की दो माह पहले ही हुई थी शादी**

**राष्ट्रीय ध्वज के लिए खोदे गहरे गड्ढे के आस-पास नहीं लगे थे कोई संकेतक**



हरिभूमि न्यूज ▶▶। नारनौल

नांगल चौधरी कस्बे में के बाहरी क्षेत्र में बने राव तुलाराम चौक पर गुरुवार रात एक दर्दनाक हादसे में राजस्थान के दो युवकों की मौत हो गई। दोनों युवक नेशनल हाईवे-148बी स्थित राव तुलाराम चौक पर खोदे गए गहरे गड्ढे में बाइक सहित गिर गए। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे ने अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने दोनों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल भिजवाया दिया। जानकारी के अनुसार राजस्थान के भीलवाड़ा निवासी राहुल और पिंटू सुवालका नांगल चौधरी क्षेत्र में शिव शक्ति नाम से आइसक्रीम का कारोबार करते हैं। उनके यहां राजस्थान के नीमच जिले के गांव पाटखेड़ा गगरोल निवासी 22 वर्षीय भैरूलाल तथा चित्तौड़गढ़ जिले के गांव खोर (जालपुर) निवासी 20 वर्षीय गिरधारी काम करते थे। बताया गया है कि गुरुवार रात करीब 10 बजे दोनों युवक आइसक्रीम बेचकर अपने कमरे पर लौट आए थे। इसके बाद वे बाइक लेकर बिना किसी को बताए कहीं चले गए। रात करीब साढ़े 11 बजे सूचना मिली कि दोनों राव तुलाराम चौक पर बने गहरे गड्ढे में गिर गए हैं। हादसे में भैरूलाल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल गिरधारी को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उपचार के दौरान उसने भी दम तोड़ दिया। मृतकों के परिचितों ने बताया कि दोनों युवक शादीशुदा थे। भैरूलाल के एक छोटा बच्चा है, जबकि गिरधारी की शादी करीब दो माह पहले ही हुई थी। हादसे की खबर मिलते ही दोनों परिवारों में मातम छा गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### गड्ढे के चारों ओर पर्याप्त सुरक्षा प्रबंध नहीं

प्रत्यक्ष जानकारी के अनुसार चौक के बीचों-बीच राष्ट्रीय ध्वज लगाने के लिए करीब 10 फुट गहरा और लगभग 15 फुट चौड़ा गड्ढा खोदा गया है। गड्ढे के चारों ओर पर्याप्त सुरक्षा प्रबंध नहीं थे। केवल एक दिशा में संकेतक लगाए गए थे, जबकि अन्य ओर से आने वाले वाहन चालकों को गड्ढा दिखाई नहीं देता था। आशंका जताई जा रही है कि अंधेरे में बाइक सवार युवकों को गड्ढा दिखाई नहीं दिया और वे सीधे उसमें जा गिरे। गड्ढे में लगे लोहे के सरियों की चपेट में आने से भी गंभीर चोटें लगी हो सकती हैं।

## सिहमा में महिला की करंट लगने से मौत

- **भैंस का दूध निकालने गई थी महिला**
- **अंधेरे के चलते टूटे हुए तार का नहीं चला पता**

हरिभूमि न्यूज ▶▶। मंडी अटेली

खंड सिहमा में शुक्रवार तड़के एक दर्दनाक हादसा सामने आया जहां करंट लगने से एक महिला की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार 48 वर्षीय सुमित्रा देवी पत्नी सत्यनारायण सुबह तड़के साढ़े पांच बजे घर में बने छप्पर में भैंस का दूध निकालने के लिए गई थी। शुक्रवार रात्रि को आई तेज आंधी के कारण घर का बिजली का तार टूटकर नीचे गिर गया था। सुबह अंधेरे के चलते सुमित्रा देवी को टूटे हुए तार का पता नहीं चल पाया और वह अनजाने में करंट की चपेट में आ गई जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजन और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी।

हादसे के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है। मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए नारनौल के सिविल अस्पताल भेजा गया जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

## खबर संक्षेप

### राहुल गांधी के जन्मदिन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने की गोशाला में सेवा



मंडी अटेली। कांग्रेस अटेली नांगल ब्लॉक अध्यक्ष सुमेर सिंह प्रधान एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विपक्ष के नेता एवं सांसद राहुल गांधी का 56वां जन्मदिवस श्रीबाल कृष्ण गोपाल गौशाला बिहाली में सादगी एवं सेवा भाव के साथ मनाया। इस मौके पर गायों को गेहूं, गुड़ व तेल की सवामणी के रूप में आहार कराया गया। इस मौके पर सुमेर सिंह प्रधान ने कहा कि राहुल गांधी देश में विपक्ष के नेता के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इस मौके पर जिला महासचिव प्रो. राजबीर, जिला सचिव बलवंत सिंह, ओपी बाबू रातां, ओबीसी ब्लॉक अध्यक्ष तरुण यादव, युवा कांग्रेस प्रधान अनुज जांगिड़, डॉ. कृष्ण शर्मा, सतबीर जेलदार, भवानीशंकर, उनिंदा लाल सिंह, सुरेन्द्र सिंह, गोविंद प्रसाद, बींटू शर्मा, विनोद कुमार, दिनेश कुमार, निर्मल सिंह व दीपक यादव आदि उपस्थित रहे।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने न्याय दिवस के रूप में मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन



नांगल चौधरी। डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक ब्लॉक प्रधान बिक्रम मंढाणियां की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें विधायक मंजू चौधरी मुख्य रूप से मौजूद रही। उन्होंने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिन को न्याय दिवस के रूप में मनाया। केक काटकर कार्यकर्ताओं को संगठन मजबूत करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में राहुल-प्रियंका गांधी सेना के प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण कुमार भोजावास विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का संघर्ष हमेशा गरीब, पिछड़े, वंचित और शोषित वर्गों के अधिकारों, सम्मान और सामाजिक न्याय के लिए रहा है। उन्होंने समाज में समानता, भाईचारे और संवैधानिक मूल्यों को मजबूत करने का आह्वान किया, लेकिन जब व्यवस्था के रक्षक ही अपने दायित्वों से भटक जाते हैं, तो संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों को क्षति पहुंचती है। इस मौके पर प्रदेश सचिव राव नंदलाल यादव, धर्मचंद, सोनू तंवर, ओमप्रकाश मांडैया, जसवंत सिंह सेहरावत, सूरत सिंह, सैन समाज प्रधान ईश्वर सिंह सैन, सोनू सैन प्रधान, नरेश सैन नंबरदार ने विचार व्यक्त किए।

### सतनाली में 21 जून को मनाया जाएगा राष्ट्रीय योग दिवस, किया अभ्यास



सतनाली मंडी। खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय सतनाली में 21 जून को मनाए जाने वाले अंतर राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के तहत विशेष योग पूर्व अभ्यास का आयोजन किया गया। इस अभ्यास सत्र में ब्लॉक के कर्मचारियों और स्थानीय योग साधकों ने योग की विभिन्न विधाओं का अभ्यास किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य एवं योग विशेषज्ञों ने उपस्थित जनसमूह को योग के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। डॉ. रमेश, डॉ. अर्चना व डॉ. निशा ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि यह मानसिक शांति, तनाव मुक्ति और स्वस्थ जीवन जीने की एक कला है। प्रशासन और आयोजन समिति ने अंतर राष्ट्रीय योग दिवस के मुख्य समारोह के अवसर पर खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय परिसर सतनाली में 21 जून को प्रातः 6 बजे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया।

### प्रदेश अध्यक्ष के आगमन को लेकर भाजपा ने की समीक्षा बैठक

नारनौल। भारतीय जनता पार्टी जिला महेंद्रगढ़ की ओर से भाजपा हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता के 24 जून को नारनौल आगमन व स्वागत कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. यतेंद्र राव ने की, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा प्रदेश मंत्री एवं पूर्व युवा आयोग चेयरमैन मुकेश गौड़ उपस्थित रहे। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत को ऐतिहासिक एवं अभूतपूर्व बनाने के लिए विस्तृत चर्चा की गई तथा कार्यक्रम की संपूर्ण रूपरेखा प्रस्तुत की गई। डॉ. यतेंद्र राव ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष का यह दौरा जिले के कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणादायी अवसर है तथा सभी कार्यकर्ता पूरे उत्साह और समर्पण के साथ स्वागत कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे हुए हैं। उन्होंने बताया कि 24 जून को सीएल फार्म में स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें जिले के जनप्रतिनिधि, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मोर्चा एवं प्रकोष्ठ पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

## प्राकृतिक खेती व सही पोषण से बढ़ेगी किसानों की आमदनी

नारनौल। केंद्र सरकार के गौरवशाली 12 वर्ष पूरे होने के अवसर पर जिला कृषि उप-निदेशक कार्यालय के नेतृत्व में जिले के गांव नीरपुर, डिगरोता, स्याना, नांगल चौधरी व हसनपुर में खेत बचाओ अभियान और धरती माता बचाओ अभियान के तहत विशेष जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य हमारे अन्नदाताओं को सरकारी योजनाओं की पाई-पाई का लाभ पहुंचाना और उन्हें खेती की नई तकनीकों से जोड़ना है। इस मौके पर कृषि विभाग के अधिकारियों ने किसानों को जमीन की सेहत सुधारने के बड़े ही सरल उपाय बताए।

## आईटीआई में आयोजित रोजगार मेले में 68 का किया चयन

- **वाधवानी फाउंडेशन के सहयोग से प्री-प्लेसमेंट के लिए जॉब मेले का आयोजन किया गया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶। महेंद्रगढ़

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करने के लिए वाधवानी फाउंडेशन के सहयोग से प्री-प्लेसमेंट के लिए एक विशेष जॉब मेले का आयोजन किया गया। इस जॉब मेले में संस्थान के कुल 98 कैंडिडेट्स ने भाग लिया, जिनमें से 68 कैंडिडेट्स का सलेक्शन किया गया। अगले महीने फाइनल परीक्षा देने वाले चयनित 57 कैंडिडेट्स को लगभग एक महीने बाद फाइनल परीक्षा का परिणाम आते ही अगस्त महीने में ज्वाइनिंग ऑफर लेटर जारी कर दिया जाएगा। इसके साथ ही आईटीआई के पास शुदा 11 कैंडिडेट्स की कंपनी रोल पर सीधी भर्ती की गई है, जिनकों एक जुलाई से ज्वाइन करवाया जाएगा। इस जॉब मेले में एनसीआर क्षेत्र के मिंडा ग्रुप की प्रमुख कंपनी मिंडारिका लिमिटेड मानेसर (गुरुग्राम) द्वारा 37 एवं टीवीसी ग्रुप की प्रमुख कम्पनी इंडिया निप्पोन इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड मसानी (रेवाड़ी) कम्पनी द्वारा 31 कैंडिडेट्स का सलेक्शन किया गया है। संस्थान के जीआई इंचार्ज संदीप यादव ने बताया कि इस प्रकार के रोजगार मेलों से संस्थान एवं क्षेत्र के युवाओं को बेहतर करियर एवं उज्जवल भविष्य की शुरुआत करने का मौका मिलता है।

## शिक्षा की राह में उम्र बाधा नहीं

## 65 वर्ष की उम्र में दो दोस्तों ने हासिल की एलएलबी की डिग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नारनौल

कहते हैं कि शिक्षा प्राप्त करने की कोई उम्र नहीं होती। इस कहावत को महेंद्रगढ़ जिले के गांव गुवानी के दो मित्रों ने सच साबित कर दिखाया है। 65 वर्ष की आयु में गांव गुवानी निवासी विजेंद्र प्रधान और देशराज यादव ने जेजेटी विश्वविद्यालय से एलएलबी की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण कर नई मिसाल कायम की है। उनकी इस उपलब्धि की क्षेत्रभर में सराहना हो रही है। दोनों मित्रों ने दसवीं कक्षा उत्तीर्ण करने के बाद भारतीय सेना में भर्ती होकर देश सेवा का दायित्व निभाया। सेना में रहते हुए उन्होंने अपनी शिक्षा जारी रखी और कठिन परिस्थितियों के बावजूद 10+2, बीए, एमए तथा बीएड जैसी उच्च शैक्षणिक योग्यताएं हासिल कीं। सेना से सेवानिवृत्त होने के बाद दोनों को हरियाणा में व्याख्याता (लेक्चरर) के रूप में कार्य करने का अवसर मिला।



नारनौल। डिग्री धारक का गाउन पहने दोनों दोस्त। फोटो: हरिभूमि

शिक्षण सेवा से सेवानिवृत्त होने के बाद भी दोनों ने पढ़ाई का सिलसिला नहीं छोड़ा। निरंतर मेहनत, लगन और सीखने की इच्छा के बल पर उन्होंने एलएलबी की पढ़ाई पूरी की और प्रथम श्रेणी से परीक्षा पास की। उनकी उपलब्धि यह संदेश देती है कि यदि व्यक्ति में दृढ़ इच्छाशक्ति और मेहनत करने का जज्बा हो तो उम्र कभी भी सफलता की राह में बाधा नहीं बनती। ग्रामीणों और शिक्षाविदों ने दोनों की इस सफलता को युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताया है। उनका मानना है कि विजेंद्र प्रधान और देशराज यादव ने साबित कर दिया है कि सीखने की कोई सीमा नहीं होती और निरंतर प्रयास से जीवन के किसी भी पड़ाव पर नई उपलब्धियां हासिल की जा सकती हैं।

**विरोध** — हरियाणा सरकार के फैसले के खिलाफ एकजुट हुए विभिन्न सामाजिक संगठन

# आंबेडकर डिजिटल लाइब्रेरी का नाम बदलने पर फूटा रोष

- **नाम परिवर्तन का निर्णय तुरंत निरस्त कर मूल नाम बहाल करने की पुरजोर मांग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नारनौल

हरियाणा सरकार की ओर से जींद व हिसार सहित विभिन्न क्षेत्रों में स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर डिजिटल/ई-लाइब्रेरी का नाम बदलकर अटल पुस्तकालय किए जाने के फैसले के खिलाफ दलित व पिछड़े समाज में भारी आक्रोश व्याप्त है। इस फैसले से आहत होकर शुक्रवार को सर्व अनुसूचित जाति संघर्ष समिति के तत्वाधान में विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने अपनी गहरी नाराजगी व्यक्त की और उपायुक्त के माध्यम से एसडीएम अनिरुद्ध यादव को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग व मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। यह आक्रोश बैठक समिति के प्रधान चंदन सिंह जालवान की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें सरकार के इस कदम को बाबा साहेब के सम्मान और दलित अस्मिता पर चोट बताया गया।

महापुरुषों के इस असहनीय अपमान के मामले में संघर्ष समिति की ओर से ज्ञापन सौंपने के दौरान अखिल भारतीय आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति के उपाध्यक्ष लालाराम नाहर व समिति के महासचिव एवं कबीर सामाजिक उत्थान संस्था दिल्ली के वाइस चेयरमैन बिरदी चंद गोठवाल ने कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर केवल एक वर्ग के नहीं, बल्कि पूरे देश के मार्गदर्शक और संविधान निर्माता हैं। उनके नाम पर बनी डिजिटल/ई-लाइब्रेरी का नाम बदलना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है।



नारनौल। ज्ञापन की प्रति सौंपते विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी। फोटो: हरिभूमि

परिवर्तनकारी साहित्य मंच के प्रधान एवं पूर्व प्राचार्य डॉ. शिवताज सिंह, मानव समाज सेवा फाउंडेशन के प्रधान जयपाल सिंह ने चेताया कि यदि सरकार ने इस जनविरोधी और तुच्छ राजनीति से प्रेरित निर्णय को तुरंत वापस नहीं लिया, तो समाज सड़कों पर उतरकर बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होगा।

### ये रहे मौजूद

इस आक्रोश बैठक में अचिवर्स फाउंडेशन के अमरसिंह निम्होरिया, महर्षि वाल्मीकि सभा के राजेश चांवरिया, कोली समाज के प्रधान तोताराम, भारतीय सामाजिक परिवर्तन संघ के सुमेर सिंह गोठवाल, हरियाणा प्रदेश चमार महासभा के जिलाध्यक्ष अनिल फाण्डन, गुरु रविदास महासभा के सदस्य प्यारेलाल चवन, प्रमुख समाजसेवी मदनलाल डाडैया व धानक समाज के महेंद्र खन्ना आदि विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने पुरजोर समर्थन देकर रोष प्रकट करते हुए अपनी एकजुटता दिखाई। इस मौके पर प्रमुख सलाहकार प्रभु दयाल, प्रधान किशनलाल, बनवारीलाल, अमरनाथ सिरोहा, पूर्व इंस्पेक्टर कालुराम मेहरा, हरि सिरोहा आदि उपस्थित रहे।